प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 17.09.2017 को रात्रि लगभग 11:00 बजे बाल रोग विभाग में गम्भीर अवस्था में भर्ती मरीज सुश्री सादिका पुत्री मो0 कलीम, निवासीः खदरा, थानाः हसनगंज, लखनऊ के लगभग-100 तीमारदारों द्वारा विभाग में प्रवेश कर तद्समय ड्यूटी पर तैनात रेजीडेण्ट डाक्टरों के साथ अभद्र व्यवहार एवं धक्का-मुक्की की गयी। रेजीडेण्ट डाक्टरों लिखित तहरीर पर कोतवाली चौक, जनपद लखनऊ में प्रश्नगत घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दर्ज करा दी गयी है।

मरीज गम्भीर रूप से बीमार थी जिसे उपचार हेतु केजीएमयू के बाल विभाग में भर्ती कराया गया था, चिकित्सकों द्वारा मरीज के उपचार में पूरी तत्परता के साथ हर सम्भव प्रयास किया गया। मरीज को श्वास लेने में तकलीफ हो रही थी, बाल विभाग में तद्समय वेण्टीलेटर खाली न होने के कारण एम्बु बैग के सहारे मरीज को श्वास लेने में सहायता प्रदान की जा रही थी। मरीज की गम्भीर अवस्था के विषय में चिकित्सकों द्वारा मरीज के परिजनों को भॅली भॉति अवगत करा दिया गया था। मरीज के परीजनों द्वारा एम्बु वैग के संचालन में लापरवाही की गयी, तथा अंततः चिकित्सकों के लाख प्रयासों के बावजूद भी मरीज को बचाया नहीं जा सका।

बाल विभाग के प्रवेश द्वारा एवं रेजीडेण्ट डाक्टरों के कक्ष में लगाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरें की फूटेज में यह स्पष्ट रूप रूप से देखा जा सकता है कि कैसे मरीज के परिजनों द्वारा प्रवेश द्वारा पर तैनात सुरक्षा कर्मियों से धक्का-मुक्की करते हुए जबरन विभाग में प्रवेश किया गया तथा रेजीडेण्ट डाक्टरों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा ड्यूटी पर तैनात महिला जूनियर डाक्टरों के साथ धक्का-मुक्की की गयी एवं धक्का देकर गिरा दिया गया। एक परिजन द्वारा प्रवेश द्वार पर तैनात एक सुरक्षाकर्मी से अग्नेयास्त्र छिनने का प्रयास भी किया गया जिसे विडियो फूटेज में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

विश्वविद्यालय प्रशासन की तहरीर पर पुलीस द्वारा प्रकरण में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

(प्रो0 नर्सिंग वर्मा)
फैकल्टी इन्चार्ज,
केजीएमयू, मीडिया सेल